भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5212

जिसका उत्तर 24 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

2 श्रावण, 1941 (शक)

तेलंगाना में इलेक्ट्रॉनिक पार्क

5212. डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तेलंगाना में वारंगल, करीमनगर और हैदराबाद में इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर पार्क/विनिर्माण केंद्र या इकाई को स्वीकृति प्रदान कर दी है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार ने इस संबंध में कितनी प्रगति की है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) और **(ख)** : इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारत सरकार ने तेलंगाना राज्य में ई-सिटी हैदराबाद तथा माहेश्वरम में दो (02) ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी) की स्थापना के लिए मैसर्स तेलंगाना स्टेट इंडस्टियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लि. (टीएसआईआईसी) को अनुमोदन दिया है। इन इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टरों का विकास भारत सरकार से मिलने वाले 391.03 करोड़ रुपए के सहायता अनुदान सहित 1104.85 करोड़ रुपए की परियोजना लागत के साथ 912.24 एकड़ क्षेत्र में किया जा रहा है। अब तक इन परियोजनाओं के लिए 78.20 करोड़ रुपए की सहायता अनुदान राशि जारी की गई है। इसके विवरण **अनुबंध** में संलग्न है।

******

अनुबंध

तेलंगाना राज्य में इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टरों का विवरण

करोड़ रुपये में

#	राज्य	परियोजना का स्थान	कार्यान्वयन एजेंसी	क्षेत्र (एकड़)	परियोजना परिव्यय	सहायता अनुदान	जारी सहायता अनुदान
1.	तेलंगाना	ई-सिटी, हैदराबाद	तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना कॉर्पोरेशन (टीएसएसआई आईसी)	603.52	667.60	252.42	50.48
2.		माहेश्वरम रंगा रेड्डी		310.70	436.97	138.60	27.72
		कुल		**912.24**	**1104.85**	**391.03**	**78.20**

******